## खास-खबरें

### रोजगार मेले में 388 युवाओं का चयन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए सीहोर स्थित महिला आईटीआई कॉलेज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया गया। रोजगार मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा युवाओं का इंटरव्यू लिया गया तथा योग्यता अनुसार चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 418 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। मेले में कुल 10 कंपनियों द्वारा कुल 388 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। मेले में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्?गम उन्नयन योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग और पशुपालन विभाग द्वारा 4 हितग्राहियों को 22 लाख 90 हजार रूपये का ऋण वितरित किया गया। रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर एलडीएम जगदीप भट्टाचार्य, डीआईसी महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, जिला रोजगार अधिकारी कमलेश पटेल, प्रबंधक संदीप उईके, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्रभारी प्राचार्य डॉ शीलचंद गुप्ता, आईटीआई प्राचार्य गब्बू परमार, विवेक यादव सहित युवा उपस्थित थे।

### सीएससी के 17वें स्थापना दिवस पर रायसेन में आयोजित कार्यक्रम



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रायसेनः** कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर विन्टेज एकेडमी में सीएससी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वीएलई, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और नागरिकों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य सीएससी के माध्यम से उपलब्ध डिजिटल और जनकल्याणकारी सेवाओं की जानकारी देना तथा डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। जिला प्रबंधक हेमंत शर्मा ने कहा कि पिछले 17 वर्षों में सीएससी ने ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक सरकारी सेवाओं को सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के तहत सीएससी ग्रामीण नागरिकों को उनके गांव के निकट ही अनेक सरकारी और निजी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है, जिससे समय और धन की बचत होने के साथ युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

### 'बिधु महि पूर मयूखन्हि... रामचंद्र कें राज' संपुट लगाने से होती है उत्तम वर्षा : धर्माधिकारी

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** धर्माधिकारी पं. गिरधर गोविन्द प्रसाद चतुर्वेदी शास्त्री ने जिले एवं आसपास के गाँवों के मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन की अपील की है। श्रद्धालु 'श्री राम जय राम जय जय राम' का अखण्ड कीर्तन, सुन्दरकाण्ड पाठ, अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ तथा भगवान शिवजी का जलाभिषेक कर उत्तम वर्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। धर्माधिकारी जी ने बताया कि श्रीरामचरितमानस के उत्तरकाण्ड के दोहा 'बिधु महि पूर मयूखन्हि रबि तप जेतनेहि काज। मागें बारिद देहिं जल रामचंद्र कें राज।।' का संपुट लगाकर अखण्ड रामायण का पाठ करना अत्यंत मंगलकारी माना गया है। इस संपुट के साथ श्रद्धापूर्वक किए गए रामायण पाठ से भगवान श्रीरामजी की कृपा प्राप्त होती है तथा उत्तम वर्षा की कामना पूर्ण होती है।

### महाकाल सवारी मार्ग का निर्माण अंतिम चरण में, जल्द शुरू होगा आवागमन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** बाबा महाकाल की शाही सवारी के मार्ग का चौड़ीकरण और निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। सत्यनारायण मंदिर से छत्री चौक तक सड़क निर्माण का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है। शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर एजेंसी को शेष कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महाकाल की शाही सवारी के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसलिए सड़क का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप समय पर पूरा किया जाए। परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण के साथ पेयजल पाइपलाइन, हरियाखेड़ी परियोजना की लाइन, बिजली के खंभों की शिफ्टिंग, सीवरेज लाइन और क्रॉस ड्रेनेज सहित विभिन्न आधारभूत कार्य पूरे किए गए हैं। सत्यनारायण मंदिर से कमरी मार्ग तक डामरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि छत्री चौक तक एक ओर की सड़क और पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य तेजी से जारी है।

# प्रधानमंत्री ने किया पुनर्विकसित सांची रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण

## सांची में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ कार्यक्रम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित सांची रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण किया। सांची में आयोजित कार्यक्रम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके तहत पुराने रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री सुविधाओं से युक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल स्टेशन भवनों का सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि उन्हें स्थानीय संस्कृति और आवश्यकताओं के अनुरूप समग्र परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि सांची रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास में विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्तूप सहित क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत की झलक दिखाई गई है। स्टेशन को अगले 40 से 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यहां उन्नत सर्कुलेटिंग एरिया, विशाल प्रतीक्षालय, आधुनिक ट्रेन सूचना प्रणाली, कोच गाइडेंस सिस्टम, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ परिसर, दिव्यांगजनों के लिए सुगम सुविधाएं तथा चौड़े फुट ओवरब्रिज जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं विकसित की गई हैं। इन सुविधाओं से यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा अनुभव मिलेगा।

राज्यपाल ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना भारत के रेलवे स्टेशनों को तकनीकी रूप से उन्नत, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नागरिकों के लिए अधिक उपयोगी बना रही है। उनके अनुसार आज रेलवे स्टेशन केवल यात्रा का पड़ाव नहीं, बल्कि विकसित भारत के आत्मविश्वास और प्रगति के प्रतीक बन रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने पुनर्विकसित सांची रेलवे स्टेशन की लोकार्पण पट्टिका का अनावरण किया। शासकीय सांदीपनी विद्यालय के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य और योगाभ्यास की प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राज्यपाल ने प्रमाणपत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि विश्व धरोहर सांची के रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा ट्रेनों के आवागमन और यात्री सुविधाओं में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन नगरवासियों के लिए गर्व का विषय है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह स्टेशन स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए भी अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि स्टेशन का आधुनिकीकरण पर्यटन, स्थानीय व्यापार और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति देगा।

## सावन से पहले महाकाल मंदिर की तैयारियां तेज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** श्रावण और भादौ मास में महाकाल मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने शुक्रवार को मंदिर परिसर और आसपास चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण मंदिर परिसर से हरसिद्धि-बड़ा गणेश मार्ग, महाराजवाड़ा और अवंतिका द्वार तक किया गया। इस दौरान उन्होंने महाकाल महालोक और प्रस्तावित 30 मीटर सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कार्य में धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

प्रशासक ने कहा कि सावन में आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए दर्शन व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने के साथ जूता स्टैंड, क्लॉक रूम और पेयजल जैसी सुविधाओं को व्यवस्थित करने पर विशेष जोर दिया गया है।

भीड़ प्रबंधन के लिए बैरिकेडिंग की बेहतर व्यवस्था करने और श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए सफाई व्यवस्था मजबूत करने तथा संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा। प्रथम कौशिक ने स्पष्ट किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा मंदिर समिति की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कलेक्टर ने दिए रोड किनारे के ढाबों की सघन जांच के निर्देश



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** जिले में सडकों के किनारे विशेष रूप से हाईवे पर मौजूद ढाबों की सघन जांच की जाये। कोई भी गैर कानूनी गतिविधि पाये जाने पर सख्ता कार्यवाही की जाएगी। उक्त जानकारी शुक्रवार को नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थ उनमुलन पर आयोजित बैठक में दी गई।

कलेक्टर अदिती गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में नशा मुक्ति एवं पीएम राहत योजना की समीक्षा बैठक में की गई। बैठक में डीएफओ संजय रायखरे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बघेल एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शिक्षा विभाग प्रतियोगिताएं आयोजित करें। ट्रांसपोर्टेशन में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगे हो एवं परिवहन अधिकारी ओचक निरीक्षण करें ।

पीएम राहत योजना में जितने भी दुर्घटना ग्रस्तष व्यक्ति आते हैं उनकी पोर्टल पर एंट्री अनिवार्य करें मोबाइल नंबर भी लिखें । इस दौरान रोड स्पॉट सर्वाधिक दुर्घटना वाले स्थानों पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

### वार्ड-7 के आंगनबाड़ी केंद्र में डायरिया व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद द्वारा संचालित 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 7 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में डायरिया एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी स्टाफ और सफाई मित्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्षद सुनील साहू ने पौधारोपण कर की। इसके बाद बच्चों को साबुन से सही तरीके से हाथ धोने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया तथा हाथों की स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अभिषेक शर्मा ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के संबंध पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से घर और आसपास साफ-सफाई रखने तथा बरसात के मौसम में स्वच्छता संबंधी सावधानियां अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन की आधारशिला है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रीति गौर, एएनएम किरण चौधरी, सहायिका सुमन रैकवार आदि उपस्थित रहे।

## 100 आंगनवाड़ी केंद्रों के पास सुरक्षित भवन नहीं बच्चों और गर्भवतियों की सुरक्षा पर सवाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरूंदाः** तहसील के आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रही है। क्षेत्र के 273 आंगनवाड़ी केंद्रों में से केवल 173 शासकीय भवनों में संचालित हो रहे हैं, जबकि 40 केंद्र किराए के भवनों में और 60 केंद्र पंचायत भवन, स्कूल अथवा अन्य अस्थायी स्थानों से संचालित किए जा रहे हैं।

कई केंद्रों में शौचालय, पेयजल, बिजली और पंखों जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। जर्जर भवनों और असुरक्षित कमरों में बच्चों को पोषण आहार दिया जा रहा है तथा गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं लेने के लिए इन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है।

बोरखेड़ा कला और बड़नगर के आंगनवाड़ी केंद्र पंचायत भवन की ऊपरी मंजिल पर संचालित हो रहे हैं, जहां पहुंचने के लिए संकरी सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं। इससे गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों और अभिभावकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बड़नगर केंद्र में शौचालय, पेयजल और



पर्याप्त बिजली व्यवस्था का अभाव है। टीनशेड के नीचे संचालित केंद्र में टूटी फर्श के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अनुसार पुराने भवन के जर्जर होने के बाद पिछले एक वर्ष से केंद्र अस्थायी रूप से पंचायत भवन में संचालित किया जा रहा है। 35 बच्चों के पंजीयन के बावजूद प्रतिदिन केवल 10 से 12 बच्चे ही केंद्र पहुंच रहे हैं। सुविधाओं के अभाव के कारण गर्भवती महिलाओं की उपस्थिति भी कम हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए सुरक्षित भवन, शौचालय, पेयजल, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

आंगनवाड़ी सुपरवाइजर मालवीय ने बताया कि पुराने भवन जर्जर होने के कारण कुछ केंद्र अस्थायी रूप से पंचायत भवनों में संचालित किए जा रहे हैं। नए भवनों के निर्माण का प्रस्ताव जिला स्तर पर भेजा गया है। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी विनोद कुमार दीवान अवकाश पर होने के कारण उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## महाकाल मंदिर में दान के आभूषणों की जांच के लिए लगेगी हाई-टेक मशीन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैनः** महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले सोने-चांदी के आभूषणों की शुद्धता जांचने के लिए जल्द ही अत्याधुनिक टेस्टिंग मशीन स्थापित की जाएगी। मंदिर प्रशासन का कहना है कि इससे दान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनेगी तथा आभूषणों की शुद्धता का त्वरित परीक्षण किया जा सकेगा।

मंदिर प्रशासन ने यह निर्णय देश के कुछ प्रमुख मंदिरों में दान में नकली आभूषण मिलने की घटनाओं के बाद एहतियात के तौर पर लिया है। नई व्यवस्था के तहत पारंपरिक जांच प्रक्रिया के साथ आधुनिक तकनीक का भी उपयोग किया जाएगा, जिससे असली और नकली धातु की पहचान अधिक सटीक तरीके से हो सकेगी।

मंदिर की उप-प्रशासक एवं कोठार प्रभारी सिम्मी यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था और दान की पवित्रता को ध्यान में रखते हुए कोठार को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। जल्द ही स्थापित होने वाली हाई-टेक मशीन कुछ ही मिनटों में सोने और चांदी की शुद्धता की जांच कर प्रमाणित कर सकेगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में भी दान में प्राप्त आभूषणों की जांच अनुभवी सुनारों की तीन सदस्यीय टीम करती है। नई मशीन लगने के बाद सुनारों की विशेषज्ञता और तकनीकी परीक्षण, दोनों के आधार पर आभूषणों का सत्यापन किया जाएगा।

सिम्मी यादव के अनुसार दान में प्राप्त सामग्री की जांच के दौरान डिप्टी कलेक्टर स्तर के अधिकारी और कोठार प्रभारी की उपस्थिति अनिवार्य रहती है। नई व्यवस्था में भी अधिकारियों की निगरानी में ही मशीन से आभूषणों की स्कैनिंग और परीक्षण किया जाएगा।

### जिला न्यायालय परिसर में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**शाजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर द्वारा आनंद नेत्रालय के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर सायं 4:00 बजे तक संचालित रहा। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश श्री अंजनी नंदन जोशी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय दिनेश कुमार सिंह, जिला न्यायाधीशगण श्री जितेन्द्र कुमार पराशर, गिर्राज प्रसाद गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र गौरव का आईआईटी मद्रास में चयन





**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल, सीहोर के प्रतिभाशाली छात्र गौरव अस्थाया ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बी.एस. इन डेटा साइंस एंड एप्लीकेशन्स कार्यक्रम में जेईई श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त किया है। संस्थान द्वारा उन्हें फाउंडेशन लेवल में प्रवेश प्रदान किया गया है, जिसके माध्यम से वे डेटा साइंस एवं आधुनिक तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उच्च अध्ययन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने गौरव को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी मेहनत, लगन एवं दृढ़ संकल्प का परिणाम है।

## श्रीजगन्नाथ के श्रीअंगों का स्पर्श पाकर आभूषण भी धन्य हो जाते हैं : महंत मनोहर दास

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** स्टेशन रोड स्थित श्री नौलखी मंदिर में भगवान श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के अंतर्गत श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने भगवान श्रीजगन्नाथ के दारु-ब्रह्म स्वरूप एवं उनकी महिमा का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति का संदेश दिया।



महंत राम मनोहर दास ने कहा कि भगवान स्वयं सौंदर्य के धाम हैं, इसलिए उन्हें आभूषणों की आवश्यकता नहीं होती। उनके श्रीअंगों का स्पर्श पाकर आभूषण स्वयं धन्य और शोभायमान हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीजगन्नाथ को वेदांत में 'दारु-ब्रह्म' कहा गया है, जो काष्ठ स्वरूप में प्रकट होकर भी संसार के दुखों का नाश कर भक्तों को अविनाशी आनंद प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रभु का श्रृंगार उनकी सुंदरता बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि श्रृंगार सामग्री और आभूषणों को कृतार्थ करने के लिए किया जाता है। निष्काम भाव से भगवान की शरण में आने वाला प्रत्येक भक्त उनकी कृपा का पात्र बनता है और जीवन सार्थक हो जाता है। कथा के दौरान भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के जयघोषों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया।

आयोजन समिति ने बताया कि श्रीजगन्नाथ महात्म्य कथा 25 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 5 से 6.30 बजे तक श्री नौलखी मंदिर में आयोजित की जाएगी। इस दौरान बद्रीनाथ और वृंदावन से आए संत-महात्मा भी उपस्थित हैं। श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ की महिमा का श्रवण करने की अपील की गई है।

**विरोध** पदोन्नति नियमों के विरोध में मेडिकल शिक्षकों का आंदोलन तेज

## विदिशा मेडिकल कॉलेज में एक घंटे कार्य का बहिष्कार कर दिया धरना

**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सा शिक्षकों ने पदोन्नति नियमों में बदलाव के विरोध में शुक्रवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू कर दिया। मेडिकल टीचर एसोसिएशन (एमटीए) ने मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति-2025 के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में लागू नियमों पर आपत्ति जताते हुए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के मानकों के अनुरूप पदोन्नति व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

आंदोलन के पहले चरण में शुक्रवार दोपहर 12 से 1 बजे तक चिकित्सा शिक्षकों ने नियमित कार्य का बहिष्कार कर मेडिकल कॉलेज परिसर में धरना दिया। हालांकि, इस दौरान आपातकालीन और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं, जिससे मरीजों के उपचार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

एमटीए का कहना है कि वर्तमान पदोन्नति व्यवस्था के कारण चिकित्सा शिक्षकों की पदोन्नति लंबे समय से लंबित है। संगठन के अनुसार, इस संबंध में शासन



और प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपे गए और विभिन्न स्तरों पर मांग उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी कारण आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा।

**एनएमसी नियम लागू करने की मांगः** संगठन का कहना है कि देशभर के मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षकों की पदोन्नति नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के निर्धारित मानकों के अनुसार होती है, जबकि मध्यप्रदेश में सामान्य प्रशासन विभाग के नियम लागू किए जा रहे हैं। एसोसिएशन का तर्क है कि चिकित्सा शिक्षा की प्रकृति को देखते हुए पदोन्नति भी एनएमसी के मानकों के अनुरूप ही की जानी चाहिए।

**मान्यता और सीट वृद्धि पर असर की आशंकाः** मेडिकल टीचर एसोसिएशन ने आशंका जताई कि यदि समय पर पदोन्नति नहीं हुई तो शिक्षकों के स्वीकृत पद रिक्त होते जाएंगे, जिससे मेडिकल कॉलेजों को एनएमसी की मान्यता संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। संगठन के अनुसार, इसका असर भविष्य में एमबीबीएस और पीजी सीटों में प्रस्तावित वृद्धि के साथ-साथ चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर भी पड़ सकता है।

### आज तीन घंटे का कार्य बहिष्कार

एसोसिएशन ने बताया कि 15 जुलाई को कोर कमेटी और 16 जुलाई को हुई आमसभा में आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक तीन घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा। इस दौरान भी आपातकालीन सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी। वहीं, 20 जुलाई को पदाधिकारियों की बैठक में आंदोलन की आगामी रणनीति तय की जाएगी।

शिक्षकों ने सरकार से मांग की है कि पदोन्नति से जुड़ी विसंगतियों का शीघ्र समाधान कर एनएमसी के मानकों के अनुरूप व्यवस्था लागू की जाए, ताकि आंदोलन समाप्त किया जा सके।